दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-
खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, गुरूवार 28 फरवरी 2019
www.nyaysakshi.com


## संपादकीय

## पहचान की लड़ाई

देश अभी पुलवामा अटैक के सदमे से उबर भी नहीं पाया था कि अरुणाचल प्रदेश में हिंसा की आग फैल गई। राज्य के मूल निवासी उन 6 समुदायों को स्थायी निवास प्रमाण पत्र (पीआरसी) दिए जाने के प्रस्ताव का विरोध कर रहे हैं, जो मूल रूप से अरुणाचल प्रदेश के निवासी नहीं माने जाते। गौरतलब है कि राज्य की बीजेपी सरकार देओरी, सोनोवाल कछारी, मोरान, आदिवासी और मिशिंग समुदायों को अरुणाचल प्रदेश में स्थायी निवास प्रमाण पत्र (पीआरसी) देना चाहती है। असम में अनुसूचित जनजाति का दर्जा पाए ये समुदाय मूल रूप से अरुणाचल प्रदेश के निवासी नहीं हैं, लेकिन दशकों से यहां के नामसाई और चांगलांग जिलों में रह रहे हैं।

संयुक्त उच्चाधिकार समिति ने इस मामले में सभी पक्षों से बात करने के बाद इन्हें स्थानीय निवास प्रमाण पत्र देने की सिफारिश की है। यह प्रमाणपत्र मिल जाने के बाद इन समुदायों के लोग राज्य के मूल निवासी मान लिए जाएंगे और इसका लाभ उन्हें शिक्षा प्राप्त करने और अचल संपत्ति खरीदने में मिलेगा। लेकिन अरुणाचल प्रदेश के मूल निवासी ऐसा मानते हैं कि इन लोगों को उन्हीं के ठीक बराबर का दर्जा देने से बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन ऐक्ट 1873 का उल्लंघन होगा, जिसके तहत राज्य में इनर लाइन परमिट व्यवस्था लागू की गई है। इस व्यवस्था के अनुसार सभी अस्थायी निवासियों और यात्रियों को राज्य में प्रवेश करने से पहले एक परमिट लेना पड़ता है। अब अगर गैर-निवासियों को पीआरसी दिया गया तो राज्य में ऐसे लोगों का आना बढ़ जाएगा, जिससे न सिर्फ अरुणाचल प्रदेश की संस्कृति पर बुरा असर पड़ेगा, बल्कि यहां के मूल निवासी जल्द ही अल्पसंख्यक बनकर रह जाएंगे।

बहरहाल, अभी के हिंसक विरोध प्रदर्शन को देखते हुए राज्य के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने पीआरसी बिल वापस ले लिया और कहा कि आगे भी उनकी सरकार यह मुद्दा नहीं उठाएगी। उम्मीद की जानी चाहिए उनके इस आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हो जाएगा। इस प्रकरण से पूर्वोत्तर में बीजेपी के सियासी अभियान को धक्का लगा है। उसकी योजना असम में नागरिकता (संशोधन) विधेयक और अरुणाचल में पीआरसी के बल पर अपना जनाधार बढ़ाने की थी। असम में वह बांग्लादेशी हिंदुओं और अरुणाचल में गैर-जनजातीय लोगों के रूप में अपना वोटबैंक देख रही थी। लेकिन फिलहाल ये दोनों ही उपाय उसे नुकसान पहुंचाते जान पड़ते हैं। यह सही है कि 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद से बीजेपी ने पूर्वोत्तर के राज्यों में काफी ध्यान दिया है। यहां इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं और यहां के सारे राज्यों में बीजेपी कहीं सीधे तो कहीं सहयोगी के रूप में सरकार चला रही है। लेकिन इस इलाके की सामाजिक-सांस्कृतिक संवेदनशीलता के आकलन में उससे कुछ भूलें भी हुई हैं। राजनीतिक लाभ के लिए यहां की किसी भी सामुदायिक पहचान के साथ खिलवाड़ करना कई स्तरों पर घातक हो सकता है।

## इलाहाबाद, कॉरपोरेशन बैंक आरबीआई की कमजोर बैंकों की निगरानी लिस्ट से बाहर

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ने मंगलवार को सार्वजनिक क्षेत्र के दो और बैंकों (इलाहाबाद बैंक तथा कारपोरेशन बैंक) को कमजोर बैंकों की निगरानी सूची से बाहर कर दिया। इसके साथ इन बैंकों पर आगे बढ़कर कर्ज देने समेत अन्य पाबंदियां हट गई है। निजी क्षेत्र के धनलक्ष्मी बैंक को भी तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) रूपरेखा दायरे से बाहर कर दिया गया। इससे पहले, 31 जनवरी को बैंक आफ इंडिया, बैंक आफ महाराष्ट्र तथा ओरिएंटल बैंक आफ कामर्स को पीसीए रूपरेखा से बाहर किया गया था।




एक बयान में आरबीआई ने कहा कि वित्तीय निगरानी बोर्ड (बीएफएस) ने पीसीए के तहत बैंकों के कामकाज की समीक्षा की और तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के अंतर्गत रखे गये कुछ बैंकों समेत विभिन्न बैंकों में 21 फरवरी को डाली गई नकदी पर गौर किया। इस नकदी में से इलाहाबाद बैंक तथा कारपोरेशन बैंक को क्रमशः 6,896 करोड़ रुपये तथा 9,086 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। केंद्रीय बैंक ने कहा कि पूंजी मिलने से इन बैंकों का पूंजी कोष तथा कर्ज नुकसान के समक्ष प्रावधान बढ़ेगा जिससे पीसीए मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित हो सके। आरबीआई ने कहा, बीएफएस ने 31 जनवरी 2019 को हुई बैठक में जिन सिद्धांतों को अपनाया था, उसके आधार पर 26 फरवरी 2019 की बैठक में इलाहाबाद बैंक तथा कारपोरेशन बैंक को पीसीए रूपरेखा से बाहर करने का फैसला किया गया। यह कुछ शर्तों तथा निरंतर निगरानी पर निर्भर है। कारपोरेशन बैंक का सकल फंसा कर्ज (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) दिसंबर अंत में कुल कर्ज का 17.36 प्रतिशत था जो एक साल पहले इसी महीने में 15.92 प्रतिशत थी। वहीं, इलाहाबाद बैंक का सकल एनपीए दिसंबर 2018 में 17.81 प्रतिशत पहुंच गया था जो एक साल पहले इसी महीने में 14.38 प्रतिशत पर था।

रिजर्व बैंक ने कहा कि उसने धनलक्ष्मी बैंक को भी पीसीए रूपरेखा के दायरे बाहर करने का फैसला किया है। यह कुछ शर्तों और निरंतर निगरानी पर निर्भर है। बैंक को पीसीए रूपरेखा की जोखिम सीमा का पालन करने को देखते हुए यह कदम उठाया गया। सार्वजनिक क्षेत्र के पांच बैंक यूनाइटेड बैंक आफ इंडिया, यूको बैंक, सेंट्रल बैंक आफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक तथा देना बैंक अब भी पीसीए रूपरेखा के दायरे में बने हुए हैं। इसके अंतर्गत आने वाले बैंकों पर कर्ज देने पर पाबंदी समेत अन्य प्रतिबंध लग जाते हैं। पीसीए रूपरेखा सरकार तथा आरबीआई के बीच विवाद का मुद्दा रहा है। सरकार चाहती है कि केंद्रीय बैंक पीसीए रूपरेखा को वैश्विक मानदंडों के अनुरूप बनाये।

## भारत की तरफ से की गई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान के शेयर बाजार में कोहराम मचा हुआ है

नई दिल्ली। पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में भारत की तरफ से की गई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान के शेयर बाजार में कोहराम मचा हुआ है. भारतीय वायु सेना की तरफ से मंगलवार तड़के की गई कार्रवाई के बाद कराची स्टॉक एक्सचेंज (KSE)-100 इंडेक्स 785.12 अंक गिरकर 38,821.67 के स्तर पर हुआ था. बुधवार सुबह से भी कराची स्टॉक एक्सचेंज में गिरावट जारी है. बुधवार दोपहर करीब 12.30 बजे केएसई-100 1135 अंक



गिरकर 37,686.60 के स्तर पर कारोबार करता देखा गया.

### गिरने के बाद केएसई में कुछ सुधार

बुधवार को कारोबारी सत्र के दौरान के एसई 37,330.38 अंक के निचले स्तर तक गया. हालांकि बाद में इसमें कुछ सुधार देखा गया. दो दिन के कारोबार में अब तक कराची शेयर बाजार का इंडेक्स 1900 अंक से भी ज्यादा गिर गया है. पड़ोसी मुल्क के हालात को देखते हुए जानकार अभी केएसई के और नीचे जाने की आशंका जता रहे हैं.

### भारतीय शेयर बाजार में भी गिरावट

दूसरी तरफ भारतीय शेयर बाजार बुधवार सुबह तेजी के साथ खुले.

## बाजार में एक्यू फिट ने लांच किया स्मार्टवॉच, कीमत 5999 रुपये

नई दिल्ली। टेक्नालॉजी स्टार्टअप एक्यू फिट ने भारतीय बाजार में नया स्मार्टवॉच डब्ल्यू 8 लाँच करने की घोषणा की है जिसकी कीमत 5999 रुपये है।



कंपनी ने मंगलवार को यहां जारी बयान में कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्टैंडर्ड रेटिंग आईपी 68, 5 एटीएम वाटरप्रुफ ग्लास वाले इस कस्टमाइज्ड स्मार्टवॉच का 1.33 इंच का स्क्रीन है जो एंटी स्क्रैच 5वां गोरिल्ला ग्लास कोर्निंग और मेटल यूनिबॉडी डिजाइन है। इसमें बॉश के हार्डवेयर और नार्डिक सेंसर है। इसकी बैटरी दो घंटे में चार्ज होती जो पांच दिनों तक चलती है। कंपनी ने बिजनेस प्रमुख संजीव सिंह ने कहा कि इसमें 24 घंटे स्वास्थ्य मॉनिटरिंग, पेडोमीटर, कैलोरी मॉनिटरिंग, मल्टीपल स्पोर्ट्स मोड ट्रैकर्स, सोशल मीडिया को अपडेट करने वाला स्मार्ट ऐप, कॉल, मैसेज और अलॉर्म नोटिफिकेशन के फीचर भी दिये गये हैं।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 10 पैसे लुढ़का

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार के लुढ़कने और तेल आयातकों की डॉलर के दबाव में अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में मंगलवार को भारतीय मुद्रा 10 पैसे की गिरावट के साथ 71.07 रुपये प्रति डॉलर पर आ गयी।

गत दिवस रुपया 17 पैसे की मजबूती में 70.97 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी।

## रेलवे का बड़ा ऐलान, होली पर घर जाने वालों के लिए आसान होगी यात्रा

नई दिल्ली। अगर आप भी होली पर घर जाने के लिए अभी तक टिकट के लिए ट्राई कर रहे हैं तो यह खबर आपको जरूर राहत देगी. होली पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखकर और अतिरिक्त भीड़ के दबाव को कम करने के लिए रेलवे ने होली विशेष एसी ट्रेन चलाने का फैसला किया है. यात्रियों की सुविधा के लिए इस ट्रेन को बांद्रा टर्मिनस और पालिताना के बीच होली विशेष एसी ट्रेन के दो फेरे विशेष किराये के साथ चलाने



का निर्णय लिया गया है.

### गाड़ी को दिया गया स्टॉपेज

रेल मंत्रालय द्वारा ट्रेन संख्या 14803/14804 भगत की कोठी-अहमदाबाद (साप्ताहिक) एक्सप्रेस को 01 मार्च 2019 से उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के दूंदारा स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर आगामी छह माह के लिए स्टोपेज प्रदान किया जा रहा है.

### उम्बरगांव स्टेशन पर रुकेगी यह ट्रेन

यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम रेलवे द्वारा ट्रेन संख्या 22927/22928 बांद्रा टर्मिनस-अहमदाबाद लोकशक्ति एक्सप्रेस ट्रेन को 24 फरवरी, 2019 से प्रयोगात्मक तौर पर 6 महीनों के लिए उम्बरगांव स्टेशन पर ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है.

### ये होगा गाड़ी का शेड्यूल

बांद्रा से अहमदाबाद के लिए चलने पर यह गाड़ी लगभग 10.16 बजे रात उम्बरगांव पहुंचेगी. यहां से यह गाड़ी दो मिनट रुकने के बाद 10.18 बजे चल देगी.

## अवसर का महत्व समझें और समय पर सही कदम उठाएं

एक व्यापारी के चार लड़के थे। जब चारों बड़े हो गए तो व्यापारी ने संपत्ति की जिम्मेदारी अपने बेटों को सौंपने का विचार किया। वह ऐसे बेटे को सारी संपत्ति देना चाहता था, जो उसकी अहमियत समझे। व्यापारी ने सभी चारों को अपने पास बुलाया और सभी को पांच-पांच धान के बीज दिए। उन्होंने कहा कि वह पांच साल बाद इसके बारे में पूछेंगे और जिसके जवाब से संतुष्ट होंगे उसे संपत्ति दी जाएगी।पहले बेटे ने उन बीजों को थोड़ी देर बाद ही फेंक दिया। उसने सोचा कि जब पिता



पांच साल बाद इसके बारे में पूछेंगे तो वह दूसरे धान के बीज दिखा देगा। आखिर कोई अंतर कैसे कर पाएगा। दूसरे बेटे ने उसमें से चावल के दाने निकाल कर खा लिया। उसने सोचा कि जब पिता जब पांच साल बाद मांगा जाएगा तो वह अन्य दाने दे देगा।

तीसरे बेटे ने उसे एक चांदी के डिब्बे में पैक करके रख दिया। वह रोज इस डिब्बे की पूजा करता। उसने सोचा कि जब पिता जी इसके बारे में पूछेंगे तो वह उन्हें निकालकर दिखा देगा। वह लगातार पांच साल तक ऐसा करता रहा। अब आई चौथे बेटे की बारी। वह उन धान के बीज को अपने खेत में लेकर गया और उसे बो दिया। जितनी भी फसल होती, वह उसे दोबारा बो देता और इस तरह पांच साल बाद काफी मात्रा में चावल इकट्ठा हो गया। पांच साल पूरे होने के बाद पिता ने चारों बेटों को अपने पास बुलाया और धान के बीज के बारे में पूछा। सभी के जवाब सुनने के बाद पिता ने तय कि वह अपनी संपत्ति चौथे बेटे को देगा क्योंकि उसने उन धान के बीजों का सही तरीके से इस्तेमाल किया था।

**कहानी का सार**- हर अवसर का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाना चाहिए। आपके पास कोई छोटा मौका हो तो उसका भी सही समय पर लाभ उठाएं। इसी तरह यदि आपके पास कम पैसे हैं तो दुखी न हों, उसी रकम का इस्तेमाल करके ज्यादा से ज्यादा धन अर्जित करने के बारे में सोचें।

## गोल्डन ग्लव के दावेदार हैं गुरप्रीत और अमरिंदर

मुंबई। गुरप्रीत सिंह संधू और अमरिंदर सिंह हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के पांचवें सीजन में गोल्डन ग्लव के प्रमुख दावेदार बन गए हैं। इस सीजन में जहां सभी की नजरें फेरान कोरोमिनास (एफसी गोवा), बार्थोलोमेव ओग्बेचे (नार्थईस्ट युनाइटेड एफसी) और हाल ही में हैट्रिक लगाने वाले मोदू सोगू (मुंबई सिटी एफसी) जैसे दिग्गज गोल स्कोरर पर थीं, लेकिन इसी बीच गोलकीपरों



के बीच की रेस बहुत रोचक हो गई। अभी इस रेस में बेंगलुरू एफसी के गोलकीपर गुरप्रीत आगे चल रहे हैं। शीर्ष-3 में शामिल टीमों में से गुरप्रीत इकलौते गोलकीपर हैं जो इस सीजन में बेंगलुरू के हर मैच के हर मिनट में मैदान पर मौजूद रहे हैं। उन्होंने अभी तक 1530 मिनट मैदान पर बिताए हैं। इस मामले में एटीके के गोलकीपर अरिंदम भट्टाचार्य गुरप्रीत की बराबरी कर सकते हैं, लेकिन गुरप्रीत को अंत तक मुंबई के अमरिंदर से चुनौती मिलेगी। अमरिंदर ने इस सीजन में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मुंबई ने अभी तक सिर्फ 16 गोल खाए हैं और अमरिंदर के रहते हुए उसका औसत 89.56 प्रति मिनट गोल का है।

## आज का राशिफल

मेषः विदेश यात्रा का प्रसंग प्रबल होंगे। किसी संपत्ति के खरीद-फरोख्त के समय उसके पूर्व संपत्ति के सारे पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय के साधनों में वृद्धि होगी।

वृषभः व्यापार में साझेदारों से तनाव बन सकता है। सांयकाल के समय उलझनों के बावजूद परा म में वृद्धि होगी। रात्रि में मांगलिक समारोह में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा।

मिथुनः आज आर्थिक मसलों में सोच-समझकर किए गया निवेश फायदा दे सकता है। विदेश संबंधी कार्यों व संतान पर अनावश्यक पैसा खर्चा हो सकता है। आर्थिक स्थिति अच्छी होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है।

कर्कः आज का दिन आपके लिए काफी लाभदायक रहेगा। इनवेस्टमेंट में आशा के अनुकूल लाभ होगा। कुछ महान पुरूष आपका सहयोग करने के लिए आगे आएंगे। सांयकाल का समय पारिवारिक लोगों के साथ समय बिताएं।

सिंहः कोई नया काम या रिसर्च की जल्दबाजी न करें। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। जमीन जायदाद के मामले में कुछ परेशानी हो सकती है।

कन्याः प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे। रूका हुआ कार्य भी पूरा होगा। कार्यक्षेत्र में अच्छे परिणाम मिलेंगे। आपके प्रमोशन के अच्छे योग हैं। आर्थिक वृद्धि तभी होगी जब आप भविष्य को ध्यान में रखकर कोई निर्णय लेंगे।

तुलाः आपको आज का दिन विशेष शुभकारक है। वरिष्ठ व्यक्ति आपकी बात सुनेंगे। सभी अवाश्यक कार्य आसानी से बनते चले जाएंगे। रात्रि का समय मित्रों व पारिवारिक जनों में व्यतीत करने का सुअवसर मिलेगा।

वृश्चिकः आपकी राशि पर आज चंद्रमा जन्म का है। शनि-शु पहले से ही राशि पर विपरीत फल कर रहे हैं। ऐसी कोई भी चीज न खरीदें जो जल्दी खराब होने वाली हो।

धनुः शनि की साढ़ेसाती के प्रभाव से बनते कामों में विघ्न उत्पन्न हो रहे हैं। विदेश संबंधी कार्यों व संतान पक्ष पर अनावश्यक पैसा खर्चा हो सकता है।

मकरः आज का दिन मिश्रित फलकारक है। भौतिक सुख के साधनों की वृद्धि होगी। आर्थिक उन्नति के बहुत सारे अवसर आपको मिलते रहेंगे।

कुंभः आपके लिए आज का दिन अपेक्षाकृत शुभ रहेगा। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। राजनीति से जुड़े व्यक्ति यों को उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। व्यापार के साझेदारों तथा भाई बंधुओं से तनाव हो सकता है।

मीनः आज विशेष धन लाभ व आय के साधनों में वृद्धि होगी। उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ संपर्क बनेंगे। विदेश संबंधी कार्यों में प्रगति होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेष्ट रहें।

## शिमला मिर्च बनाने की विधि जानिए

मूंग दाल (बिना छिलके वाली)- 1 कप
शिमला मिर्च (बारीक कटी)- 2
सूखी लाल मिर्च- 2
सौंफ- 1 चम्मच
सरसों- 1 चम्मच
उड़द दाल(धुली)- 1/2 चम्मच
करी पत्ता- 10
हींग- चुटकी भर
नमक- स्वादानुसार

**विधि-**

सबसे पहले मूंग दाल को पानी में भिगो दें फिर दाल को पानी से निकालें और लाल मिर्च, सौंफ और जरा-से नमक के साथ ग्राइंडर से पीस लें। - अब कड़ाही में तेल गर्म करें और मध्यम आंच पर उसमें सरसों और उड़द दाल डालें। सरसों पाक जाने के बाद करी पत्ता और हींग डालें। अब शिमला मिर्च और नमक डालकर मिलाएं और शिमला मिर्च को अच्छी तरह से पकने दें। शिमला मिर्च के



पाक जाने के बाद उसे बाउल में निकाल लें। अब उसी कड़ाही में दो चम्मच तेल और गर्म करें और मूंग दाल वाला मिश्रण डालें। मूंग दाल को आठ से दस मिनट तक पकाएं। अब शिमला मिर्च को कड़ाही में डालकर मिलाएं और मध्यम आंच पर इस मिश्रण को पांच मिनट तक और पकाएं। लो तैयार है शिमला मिर्च उसली।

## शब्द सामर्थ्य-91

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 12ए | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 90 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

## सू-दोकू-91

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.90का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |